# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


**पत्रांक :–** 616 **दिनांक :–** 03/03/2023

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
सी0सी0एल0, सेलेक्टेड ढोरी, ओ0सी0पी0,
पो0–फुसरो बजार, पिन–829144, जिला–बोकारो,
ईमेल– projectofficer.sdocm@gmail.com

विषय :– **सी0सी0एल0 सेलेक्टेड ढोरी, ओ0सी0पी0 143.05 हे0 अपयोजित वनभूमि का नवीनीकरण प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक–88 दिनांक–07.01.2023 एवं आपका पत्रांक–3065 दिनांक–16.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना के नवीनीकरण प्रस्ताव हेतु प्रासंगिक पत्र द्वारा समर्पित प्रतिवेदन अस्पष्ट है।

विदित हो कि इस कार्यालय के पत्रांक–88 दिनांक–07.01.2023 द्वारा नवीनीकरण प्रस्ताव में आवश्यक संशोधन हेतु आपसे अनुरोध किया गया है, जिसमें सभी आपत्ति का निराकरण विषयगत परियोजना के प्रस्ताव में किया जाना अपेक्षित है। परन्तु आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव को प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त न कर पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि आपने प्रस्ताव को संशोधन किया है। वस्तुतः यह होना चाहिए कि जो सूचना आप Online Portal में Update/Rectify किये है, वो प्रस्ताव के Hardcopy में भी दिखना चाहिए। आपने प्रस्ताव के Hardcopy (जो Signed है), उसमें कोई बदलाव किये बिना यह सूचित किया है कि Online में आपने Change कर दिया है, जिस कारण से Online Copy की सूचना एवं Hardcopy की सूचना अलग–अलग हो गई है।

अतः पुनः अनुरोध है कि विषयगत परियोजना का प्रस्ताव प्रमण्डलीय कार्यालय से सात प्रति में वापस लेते हुए संशोधित प्रस्ताव Hardcopy में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। अनुरोध यह भी होगा कि पत्रों के Font size/ Spacing का भी ध्यान रखा जाय, ताकि पढ़ने में अनावश्यक समय बर्बाद न हो।

विश्वासभाजन,

[signature]

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

03/3/2023

D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\Satender Sir\Misc.docx

678